Title : Need to close the discontinued/abandoned coal mines in appropriate manner in Dhanbad, Jharkhand-laid

श्री दुलू महतो **(धनबाद) :** धनबाद क्षेत्र में कई कोयला खदानें संसाधन की समाप्ति या सुरक्षा खतरों के कारण बंद पड़ी हैं, लेकिन इन खदानों को बंद करने के लिए अनुमोदित खदान बंदी योजनाओं का पालन नहीं किया जा रहा है । इसके कारण इन खदानों से न केवल पर्यावरणीय बल्कि स्थानीय समुदायों के लिए भी गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं । इन खदानों को उचित तरीके से बंद न किए जाने से पर्यावरणीय नुकसान हो सकता है, जैसे कि मिट्टी और पानी का प्रदूषण, जो आसपास के निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है । इसके कारण न केवल स्थानीय समुदायों की सुरक्षा दाव पर लगी है, बल्कि पूरे क्षेत्र के पर्यावरणीय संतुलन को भी खतरे में डाल रहा है । अतः मेरा माननीय कोयला मंत्री जी से अत्यंत विनम्र अनुरोध है कि इस मामले में त्वरित और प्रभावी हस्तक्षेप किया जाए, ताकि इन खदानों को अनुमोदित खदान बंदी योजनाओं के तहत शीघ्र और सही तरीके से बंद किया जा सके । आशा है माननीय मंत्री जी शीघ्र इस पर कार्यवाही करेंगे ।